हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 12 मई 2026

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 बाइकों की भिड़ंत, दो की मौत, परिजनों ने सड़क...



09 डिजिटल इंडिया के दौर में भी बदहाल है पचमढ़ी...




### नर्मदांचल पुलिस का एक्शन: अपराधियों पर अंकुश लगाने जिले में की गई कार्रवाई, आरोपी हुए गिरफ्तार

# चोरी, लूट और साइबर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी धराए

## अपराधियों पर नियंत्रण रखने नर्मदापुरम पुलिस ने की कार्रवाई

**जिले की पुलिस ने सोमवार को तीन बड़े आरोपों का खुलासा किया। जहां बाइक चोरों को पकड़ा वहीं लूट और साइबर धोखाधड़ी करने वाले पुलिस से नहीं बच सके।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले का पुलिस विभाग इन दिनों अपराधियों की धरपकड़ में तेज हो गया है। जहां आए दिन रेत और अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाईयां की जा रही है वहीं सोमवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिवनी मालवा में हुई एक लूट की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया सामान और हथियार भी बरामद कर लिया है। वहीं दूसरी ओर झारखंड के कुख्यात जामताड़ा मॉड्यूल की तर्ज पर ठगी करने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वहीं सोमवार की तीसरी बड़ी कार्रवाई में वाहन चोरों के एक ऐसे गिरोह को दबोचने में सफलता मिली है, जो पलक झपकते ही मास्टर चाबी से बाइक उड़ा ले जाते थे। पुलिस ने इस कार्रवाई में तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 16 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। कार्रवाई पर पुलिस अधीक्षक श्री साईकृष्ण एस. थोटा का कहना था कि जिले में अपराधियों की धरपकड़ तेज कर दी है साथ ही अपराधों पर अंकुश लगाने कार्रवाई की जा रही हैं। यह कार्रवाई जिले में जारी रहेंगी ताकि जिले में चोरी, लूट, धोखाधड़ी जैसी घटनाओं को रोका जा सके।

### बुजुर्ग के घर हुई लूट का पर्दाफाश, 2 आरोपी गिरफ्तार

नर्मदापुरम पुलिस ने सिवनी मालवा में हुई एक लूट की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया सामान और हथियार भी बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।



#### क्या था पूरा मामला?

पुलिस के अनुसार, 7 मई 2026 को वार्ड 07 शिवपुर रोड, सिवनी मालवा के रहने वाले 60 वर्षीय रामभरोस जाट ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि 6 मई की रात करीब 9:30 बजे जब वह अपने घर पर आराम कर रहे थे, तभी तीन अज्ञात नकाबपोश घर में घुसे। उन्होंने धारदार हथियार से डराकर फरियादी के साथ मारपीट की और 10,000 रुपये नकद, सोने, चांदी व बेन्टेक्स के आभूषण लूटकर फरार हो गए। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 312/26 के तहत धारा 331 (6), 309 (6) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी थी।

#### सीसीटीवीसे पकड़ाए आरोपी

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने अलग-अलग टीमें गठित कीं और बस स्टैंड सहित आसपास के सीसीटीवी कैमरों की छानबीन की। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेही आशीष कटारे (पिता गोवर्धन कटारे) और अनिल बाथव उर्फ लूक्खा (पिता राजेश बाथव) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान दोनों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से घटना में प्रयुक्त छूरा, 7,000 रुपये नकद, चांदी व बेंटेक्स के जेवर और सोने की अंगूठी जब्त कर ली है। आरोपियों ने अपने एक तीसरे साथी अनिल बाथव (पिता राम बाथव) का नाम भी बताया है, जो घटना के दिन से ही फरार चल रहा है और उसकी तलाश जारी है।

#### पुराना आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी आशीष कटारे एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ सिवनी मालवा थाने में पहले से ही 5 विभिन्न मामले दर्ज हैं। वहीं दूसरे आरोपी अनिल बाथव उर्फ लूक्खा के खिलाफ भी पहले से एक मामला दर्ज है।

### झारखंड से दबोचे गए साइबर ठग, 3 लाख की धोखाधड़ी का खुलासा

नवागत रेल पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जीआरपी इटारसी को वाहन चोरों के एक ऐसे गिरोह को दबोचने में सफलता मिली है, जो पलक झपकते ही मास्टर चाबी से बाइक उड़ा ले जाते थे। पुलिस ने इस कार्रवाई में तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 16 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनकी कुल कीमत 13 लाख 40 हजार रुपये आंकी गई है। यह गिरोह इटारसी रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार और बारह बंगला जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को अपना निशाना बनाता था।



#### पकड़े गए आरोपी

कमल बामने मुख्य आरोपी, निवासी सनखेड़ा, इसके विरुद्ध पूर्व में आर्म्स एक्ट और चोरी के कई मामले दर्ज हैं, ब्रजमोहन अहिरवार निवासी जिला सीहोर, इस पर भी चोरी के कई पुराने प्रकरण दर्ज हैं और अभिषेक अहिरवार, निवासी रामपुर गुर्रा, यह गिरोह के साथ मिलकर चोरी के वाहनों को बेचने और निगरानी का काम करता था।

#### मास्टर चाबी और 'झटका लॉक' तकनीक

आरोपी वारदात से पहले सूने स्थानों की रेकी करते थे और सीसीटीवी की पहुंच से बचने का विशेष ध्यान रखते थे। चोरी के लिए वे मास्टर चाबी का उपयोग करते थे या फिर झटके से हैंडल लॉक तोड़कर वाहन लेकर फरार हो जाते थे।

#### खंडहरों में रखी थीं गाडियां

पुलिस ने घेराबंदी कर पहले कमल बामने और ब्रजमोहन अहिरवार को पकड़ा। पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर पोटर खोली क्षेत्र के खंडहर मकानों से चोरी की गाड़ियां बरामद की गईं, जहां इनका तीसरा साथी अभिषेक अहिरवार वाहनों की निगरानी कर रहा था।

### झारखंड से दबोचे गए साइबर ठग, 3 लाख की धोखाधड़ी का खुलासा, टीम होंगी पुरस्कृत

डिजिटल अपराधों पर नकेल कसते हुए नर्मदापुरम पुलिस ने झारखंड के कुख्यात जामताड़ा मॉड्यूल की तर्ज पर ठगी करने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस टीम ने आरोपियों को देवघर झारखंड से घेराबंदी कर पकड़ा। बीती 17 मार्च को बनखेड़ी निवासी फरिय।दी छोटेलाल कुशवाह के बैंक खाते से साइबर ठगों ने 3,09,917 रुपए की राशि पार कर दी थी। इस शिकायत पर थाना बनखेड़ी में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।



#### ठगी का तरीका

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने फरियादी के मोबाइल पर एक घातक एपीके फाइल भेजी थी। इसके जरिए उन्होंने फरियादी के नंबर की ई – सिम तैयार की और बैंक खाते का एक्सेस प्राप्त कर रुपयों को अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर लिया।

#### भेष बदलकर दी दबिश

पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने झारखंड में चार दिनों तक हुलिया बदलकर आरोपियों की रेकी की। 7 मई की देर रात पुलिस ने दबिश देकर उमेश दास और उत्तम कुमार दास को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से अपराध में प्रयुक्त मोबाइल, पासबुक और एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। इस चुनौतीपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक विजय सनस, उनि मनमोहन सिंह ठाकुर, उनि विवेक यादव सेमरी चौकी प्रभारी और साइबर सेल की टीम का विशेष योगदान रहा। फिलहाल आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है जिससे अन्य बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

---

### 15 मई को 11 हजार दीपों से होगी मां नर्मदा की आराधना

**नर्मदापुरम।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 अंतर्गत शहर को देश का प्रथम नंबर वन शहर बनाने हेतु नगर पालिका परिषद द्वारा सेठानी घाट पर शुक्रवार 15 मई 2026 को शाम 6 बजे से दीप महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सेठानी घाट पर 11000 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। 11 हजार दीपों से मां नर्मदा की आराधना की जाएगी। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के मार्गदर्शन एवं स्वच्छता शाखा प्रभारी दीक्षा तिवारी के निर्देशन में स्वच्छ सर्वेक्षण एवं स्वच्छ भारत अभियान के तहत यह आयोजन किया जा रहा है। शहर के सभी नगरवासी गणमान्य नागरिक इस दीप महोत्सव में जुड़कर स्वच्छ शहर स्वस्थ शहर थीम को साकार करते हुए बढ़ चढ़कर हिस्सा लें एवं शहर को साफ स्वच्छ बनाए रखने नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम को सहयोग करें। नपाध्यक्ष यादव ने समूचे नगर के नागरिकों, संस्थाओं, स्वसहायता समूहों, धार्मिक संगठनों को सादर आमंत्रित करते हुए आग्रह किया है मां नर्मदा की आराधना में शामिल हों और धर्मलाभ लें।

### पुलिस का हेलमेट अभियान संपन्न: 2627 चालान, 7.91 लाख का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से 26 अप्रैल से 10 मई तक चलाया गया 'विशेष हेलमेट अभियान' समाप्त हो गया है। इस दौरान पुलिस ने जिले भर में सख्त कार्रवाई करते हुए बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों पर भारी जुर्माना लगाया है और उनके लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिले भर में 7000 से अधिक वाहनों की जांच की गई। बिना हेलमेट पाए गए 2627 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 7.91 लाख का जुर्माना वसूला गया। नियमों की अनदेखी करने वाले सभी 2627 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इनमें से 970 के निलंबन की अनुशंसा हो चुकी है और 1657 मामलों में परिवहन अधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई है। पुलिस ने केवल जुर्माना ही नहीं लगाया कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक भी किया।



### वार्ड 8 में नारी पैड बैंक सेंटर का शुभारंभ महिलाओं को बांटे निशुल्क सेनेटरी पैड

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीसीडब्लूएफसीएफ द्वारा संचालित नारी पैड बैंक प्रोजेक्ट के नए सेंटर का शुभारंभ उत्तरी बंगलिया वार्ड 8 में किया गया। इस दौरान क्षेत्र की महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के नेशनल कोऑर्डिनेटर प्रफुल पाटील, स्टेट कोऑर्डिनेटर दिनेश टेकाम, परसराम ऊईके, पार्षद ज्योति राजकुमार बावरिया और समाजसेवी ममता मालवीय उपस्थित रहीं। सेंटर इंचार्ज नीतू काकोरिया एवं पंकज काकोरिया ने अतिथियों का स्वागत किया।

वक्ताओं ने महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया। संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को कम लागत में सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें रोजगार के अवसरों से जोडन्ना भी है। संस्था के माध्यम से नया यार्ड और नाला मोहल्ला क्षेत्र में भी संजय युवने द्वारा नए सेंटर प्रारंभ किए गए हैं। इस पहल से स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक महिलाओं को योजना का लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं मौजूद रहीं।

### अब यूरिया में 50 प्रतिशत की बाध्यता खत्म, किसान लें उर्वरक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले के किसानों को यूरिया की पूरी मात्रा मिलेगी, जरूरत पड़ी तो और भी मिलेगी वितरण व्यवस्था सिर्फ ई-टोकन से होगा, यूरिया में 50 प्रतिशत की बाध्यता खत्म किसानों के लिए यूरिया खाद वितरण में 50 प्रतिशत की बाध्यता को मंगलवार से खत्म कर दिया गया है। अब टोकन के जरिए यूरिया किसान को निर्धारित मात्रा का शत प्रतिशत वितरण होगा पर उसे के.वी.के. वैज्ञानिक द्वारा तय साइंटिफिक मात्रा से अधिक पहली बार नहीं मिलेगी। इतना ही नहीं निर्धारित मात्रा एक बार लेने के बाद किसान जरूरत के अनुसार दोबारा फिर खाद ले सकता है। लेकिन वितरण की व्यवस्था सिर्फ ई-टोकन के जरिए ही होगी। गौरतलब है कि शासन ने ई-विकास प्रणाली के जरिए खाद का वितरण शुरू किया है।

#### ई टोकन से होगा वितरण

अब तक किसानों को यूरिया की 50 प्रतिशत मात्रा के साथ अन्य खाद शत प्रतिशत मात्रा में दी जा रही थी। लेकिन मंगलवार से यह बाध्यता भी खत्म कर दी गई है। ई-टोकन के जरिए किसान यूरिया सहित सभी खाद शत प्रतिशत मात्रा में उठा सकते हैं। इसके बाद दोबारा खाद की जरूरत होने पर किसानों को दोबारा ई-टोकन के जरिए खाद उपलब्ध हो जाएगी।

### आदर्श चौरसिया महिला मंच ने मनाया प्रतिभा सम्मान व मातृ दिवस, ममता को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

‘होनहार बिरवान के होत चिकने पात’ और ‘संस्कारों की नींव पर ही सफलता का महल खड़ा होता है‘—इन्हीं आदर्शों की झलक स्थानीय पत्रकार भवन में देखने को मिली। यहां आदर्श चौरसिया महिला मंच ने मेधावी छात्र-छात्राओं के प्रतिभा सम्मान एवं मातृ दिवस के उपलक्ष्य में हुए एक कार्यक्रम में शिक्षा की चमक और ममता की महक का अनूठा संगम नजर आया।



कार्यक्रम में समाज के उन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से सफलता के झंडे गाड़े हैं। कुमारी शिवांशी अतुल चौरसिया, प्रिशा आशीष चौरसिया, राजुल चौरसिया और लक्की चौरसिया को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए मंच की ओर से पुरस्कृत किया। अतिथियों ने कहा कि इन बच्चों ने अपनी मेहनत से समाज का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर मंच की महिलाओं ने उपस्थित सभी माताओं को पुष्प माला भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंजुला चौरसिया, मधु दिनेश चौरसिया, अनीता विष्णु चौरसिया, गीता राजकुमार चौरसिया, शशि जितेंद्र चौरसिया, चंदा दुर्गा चौरसिया आदि शामिल रहीं।

### संभागायुक्त ने किया शाखाओं व कार्यालयों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग आयुक्त का पदभार ग्रहण करने के पश्चात संभाग आयुक्त श्रीकांत बनोठ ने कमिश्नर कार्यालय स्थित सभी शाखाओ का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के संभागीय कार्यालय का भी निरीक्षण किया और विभाग द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधि एवं कार्यों का जायजा लिया। संभाग आयुक्त श्री बनोठ ने कमिश्नर कार्यालय परिसर में स्थित सामान्य शाखा एवं स्थापना शाखा का निरीक्षण किया। शाखा में पदस्थ कर्मचारियों से उनके कार्य एवं दायित्वों के संबंध में आवश्यक जानकारी ली, उन्होंने वित्त एवं नाजिर शाखा पहुंचकर बजट के संबंध में आवश्यक जानकारी ली और बजट के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मीटिंग हॉल एवं अन्य कक्षो का भी बारीकी से निरीक्षण किया।

### वृद्धाश्रम में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

## गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज महिला मंडल ने बुजुर्ग माताओं के साथ मनाया अनोखा 'मातृ दिवस'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज की महिला मंडल द्वारा न्यास कॉलोनी स्थित वृद्धाश्रम में एक भावपूर्ण और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मंडल की पदाधिकारियों ने आश्रम में रह रहे सभी वृद्धजनों के साथ समय बिताया, बुजुर्ग मातृशक्तियों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया और उपहार भेंट कर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ केक काटा। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि महिला मंडल की सभी पदाधिकारी आश्रम की माताओं के लिए अपने हाथों से अलग-अलग प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन और मिठाइयां बनाकर लाई थीं, जिसे सभी ने बड़े प्रेम से ग्रहण किया।



#### लगा जैसे अपने परिवार के साथ मना रहे उत्सव

कार्यक्रम के दौरान के भावुक पलों को साझा करते हुए महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मालवीय ने बताया, ₹जब हमने वृद्धाश्रम की मातृशक्तियों के साथ मातृ दिवस मनाया, तो वहां उपस्थित सभी माताएं और हमारी पदाधिकारी भावुक हो गईं। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे यह उत्सव हम अपने ही परिवार के सदस्यों के साथ मना रहे हैं।₹ इस निस्वार्थ प्रेम और सेवा भाव को देखकर आश्रम के सभी वृद्धजनों और माताओं ने महिला मंडल की सदस्यों को खूब आशीर्वाद और दुआएं दीं।

#### इनकी रही भूमिका

इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में महिला मंडल की पूरी टीम का योगदान रहा। जिसमें मुख्य रूप से संरक्षक प्रभा मालवीय, सचिव किरण मालवीय, वरिष्ठ सलाहकार अर्चना राजेंद्र मालवीय, त्रिवेणी मालवीय, उपाध्यक्ष रश्मि मालवीय, संगठन मंत्री अनुसुइया मालवीय, पूजा मालवीय, रीमा मालवीय, रेखा मालवीय, संगीता मालवीय, पुष्पा मालवीय, हीरा मालवीय, हेमा मालवीय, उषा मालवीय, रूही मालवीय, निर्मला मालवीय, ममता मालवीय आदि शामिल रहीं।

### कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक, दिए आवयक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने समय सीमा की बैठक के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम एवं सीएस मॉनिट प्रकरण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, एलपीजी गैस आपूर्ति, जल जीवन मिशन, राजस्व प्रकरण, उपार्जन कार्य एवं जनगणना 2027 सहित विभिन्न विषयों पर समीक्षा की गई। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने समय सीमा की बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सीईओ सिवनी मालवा को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण में तेजी लाएं तथा विभागीय रैंकिंग में सुधार सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को विभागीय स्तर पर टास्क फोर्स टीम गठित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग को शिकायतों के निराकरण में तत्परता दिखाने तथा राज्य स्तरीय रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। वहीं राजस्व विभाग को भी लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं उन्होंने शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए 500 रुपये प्रति शिकायत के अनुसार जुर्माना जमा कराने के निर्देश दिए।

## बेला यादव 20 सालों से अकेले ही कर रहीं पशुओं की सेवा

# अम्मा की गोशाला में पल रहे 60 से ज्यादा गोवंश और कई बेजुबान प्राणी

योगेश मालवीय ▶▶ सारणी

मां केवल जन्म देने वाली ही नहीं होती, ममता और सेवा का दूसरा नाम भी मां ही है। आज जब मातृ दिवस पर हर कोई अपनी मां को याद कर रहा है, तब स्टेट हाईवे-46 पर सारणी और राजडोह के बीच दमुआ रोड पर गोशाला संचालित करने वाली अम्मा का जीवन पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा बन जाता है, जो लोगों को प्रकृति से जुड़कर गो संरक्षण करने और उसे संवारने का संदेश देता है।

हम बात कर रहे हैं, सारणी के समीप दमुआ रोड पर एक छोटे से स्थान पर संचालित अम्मा की गोशाला का, जहां मानवता, करुणा और मातृत्व की अनूठी मिसाल देखने को मिलती है, जिसे देखकर हर गुजरने वाले की आंखें नम हो जाती हैं। यहां रहने वाली बेला यादव को आसपास के लोग प्यार से अम्मा कहकर बुलाते हैं।


गोवंश के साथ अपने घर में अम्मा बेला यादव।

### पूरा जीवन गो सेवा को किया समर्पित

अम्मा करीब 20 सालों से अकेले ही लगभग 60 से ज्यादा गोवंशों और कई बेसहारा कुत्तों की भी सेवा कर रही हैं। लगभग 50 वर्ष पुराने इस गोशाला की शुरुआत अम्मा और उनके पति भूरा यादव ने मिलकर की थी। दोनों पति-पत्नी दशकों तक मिलकर बेसहारा और घायल गोवंशों की सेवा करते रहे। लेकिन अचानक पति का निधन हो जाने के बाद भी अम्मा ने हिम्मत नहीं हारी और पिछले लगभग 20 वर्षों से अकेले ही पूरी गोशाला की जिम्मेदारी खुद संभाल रही हैं। वे बताती हैं कि उनके पति के निधन के बाद उनके परिवार में और कोई सदस्य न होने से जीवन में अकेलापन आ गया, तब अम्मा ने अपना पूरा जीवन गोमाता की सेवा में समर्पित कर दिया। अब उनका परिवार यही गोवंश हैं। अम्मा कहती हैं मेरे आगे-पीछे अब कोई नहीं है, बस यही गायें और बछड़े मेरे परिवार के सदस्य हैं। उन्हीं की सेवा करते-करते सुकून से जिंदगी कट रही है।

### श्वानों के लिए बनाती हैं रोटियां, फिर खिलाती हैं

सुबह की पहली किरण के साथ ही अम्मा का दिन गोशाला की सेवा से शुरू हो जाता है। उनकी उम्र तो काफी ढल चुकी है। लगभग 60 साल की उम्र पार कर चुकी अम्मा का शरीर अब कमजोर भी हो गया है, लेकिन सेवा का जज्बा आज भी पूरी तरह जवान है। वे रोज सुबह उठकर गोवंश के लिए सानी-भूसा तैयार करती हैं, मवेशियों के लिए पानी भरती हैं, गोबर साफ करती हैं और पूरे गोशाला परिसर की देखरेख करती हैं। इतना ही नहीं, गोशाला में रहने वाले कई कुत्तों के लिए भी अम्मा खुद अपनी रसोई में रोटियां बनाती हैं और उन्हें खिलाती हैं। अम्मा अपने गोवंशों को केवल जानवर नहीं, बल्कि अपने बच्चों की तरह मानती हैं। वे भावुक होकर कहती हैं कि अगर इन जानवरों को कुछ हो जाता है तो मेरा खाना-पानी छूट जाता है। मैंने इन्हें अपने बच्चों की तरह पाला है। कल की ही बात है, मेरे पास एक अच्छा नंदी था। सुबह मैंने उसे जंगल की ओर चरने के लिए छोड़ा था, लेकिन वह वापस नहीं आया। जब जाकर देखा, तो उसकी आंखें नीली पड़ चुकी थीं। शायद उसे किसी सर्प ने डस लिया था। तब से मेरी तबीयत ठीक नहीं लग रही है। मैं खाना-पानी भी नहीं खा पा रही हूं। अम्मा की आंखों में यह दर्द साफ छलकता दिखाई दिया। उनके लिए हर गाय, हर बछड़ा और हर पशु, परिवार का अहम सदस्य है। जर्जर छत, टूटी दीवारें, चारों ओर फैली गोबर की गंध और संसाधनों की भारी कमी के बीच भी अम्मा दिन-रात सेवा में जुटी रहती हैं।

### किसी सहारे का नहीं करती इंतजार

अम्मा बताती हैं कि उनका एक हाथ पिछले कुछ दिन से चोटिल है, जिसमें कलाई के पास सूजन है और दूसरा हाथ में दर्द करता है। उनको जब कभी चोट लगती है, तो चोट वाले स्थान पर गाय की जीभ से चटवाने के देशी इलाज से उन्हें जरूर आराम मिलता है। वे किसी के सहारे का इंतजार नहीं करतीं। वे कहती हैं, दर्द तो होता है, लेकिन इनको छोड़कर आराम कैसे करूं? अगर मैं नहीं करूंगी तो इनकी सेवा कौन करेगा? सबसे दुखद बात यह है कि इतनी बड़ी जिम्मेदारी उठाने वाली अम्मा की सुध लेने वाला कोई जनप्रतिनिधि नहीं है। न प्रशासन, न स्थानीय निकाय और न ही किसी संस्था ने उन्हें अब तक स्थाई मदद की। आर्थिक परेशानियों और शारीरिक कमजोरी के बावजूद अम्मा का हौसला लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है। यहां के स्थानीय समाजसेवी मोनू बत्रा और जग्गी आहूजा ने हरिभूमि संवाददाता को बताया कि अम्मा उर्फ बेला यादव वर्षों से बिना किसी लालच और स्वार्थ के गोशाला के साथ साथ बेजुबान प्राणियों की सेवा कर रही हैं। हम लोग गाय के लिए भूसा और बीमार होने पर डॉक्टर की व्यवस्था करवा देते हैं।

## आरोप- समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण घायल ने तोड़ा दम

# बाइकों की भिड़ंत, दो की मौत, परिजनों ने सड़क पर शव रखकर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/भैंसदेही

भैंसदेही क्षेत्र में रविवार रात दो बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसदेही में इलाज में लापरवाही के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और सडक़ पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। परिजन और ग्रामीण डॉक्टरों पर कार्रवाही की मांग कर रहे थे। आरोप है कि डॉक्टरों के समय पर उपचार नहीं किये जाने के कारण घायल की मौत हो गई। यदि सही समय पर उपचार मिल जाता तो घायल को बचाया जा सकता था।

इधर सूचना मिलते ही एसडीएम, एसडीओपी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित पुलिस मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के आश्वासन के बाद हंगामा शांत हुआ। जानकारी के अनुसार, भैंसदेही-बरहापुर-झल्लार रोड पर दो बाइक आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पोहर निवासी जगदीश पिता गणपति अडलक (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मालेगांव निवासी अंकुश पिता धनराज वाघमारे (22) को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। हादसे में घायल मालेगांव निवासी भूपेंद्र पिता धर्मराज वाघमारे (22) और पोहर निवासी सुनीता जगदीश अड़लक (38) को प्राथमिक



उपचार के बाद जिला अस्पताल बैतूल रेफर किया गया है। जहां दोनों का इलाज जारी है।

### परिजन बोले- डॉक्टरों ने समय पर नहीं किया उपचार

घटना के बाद मृतकों के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां डॉक्टरों और ग्रामीणों के बीच तीखी बहस हो गई। लोगों ने आरोप लगाया कि ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने गंभीर घायलों का समय पर उपचार नहीं किया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतक अंकुश वाघमारे के पिता दिनेश वाघमारे ने आरोप लगाया कि डॉक्टर अपने केबिन में बैठे रहे और उनके बेटे को देखने तक नहीं आए। उनका आरोप है कि जब परिजनों ने डॉक्टर से विनती की, तो उन्होंने कहा खुद जाकर देख लो, कहकर नाराजगी जाहिर करने लगे। जिससे आक्रोशित लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने बैठकर विरोध शुरू कर दिया। काफी देर रात तक हंगामा होते रहा।

### शव रखकर किया चक्काजाम

इलाज में लापरवाही से नाराज ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और दोनों शवों को सडक़ पर रखकर चक्काजाम कर दिया। स्थिति बिगडऩे पर मौके पर एसडीएम अजीत मरावी, एसडीओपी और भारी पुलिस बल पहुंचा। भैंसदेही और आठनेर से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। स्थानीय लोगों ने यह मुद्दा भी उठाया कि भैंसदेही जैसे बड़े स्वास्थ्य केंद्र में पूर्णकालिक बीएमओ (ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर) की नियुक्ति नहीं है। वर्तमान में भीमपुर के बीएमओ डॉ. दीपक निगवाल को भैंसदेही का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित होने के आरोप लगाए जा रहे हैं।

### जानकारी मिलते ही भैंसदेही पहुंचे सीएमएचओ

मृतक के परिजनों और ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन किये जाने की सूचना मिलते ही सीएमएचओ मनोज हुरमाड़े रात्रि में ही भैंसदेही पहुंचे। सीएमएचओ ने मृतक के परिजनों और ग्रामीणों से चर्चा की। पूरे मामले की जानकारी हासिल करने के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मनोज हुरमाड़े ने मामले की जांच कराने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीण और परिजनों ने प्रदर्शन बंद किया। ग्रामीणों का आरोप है कि भैंसदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। यहां डॉक्टरों की कमी के कारण ग्रामीणों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता है। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# जिला अस्पताल का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं

## नदारद मिले 14 डॉक्टर, कटेगा एक दिन का वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सोमवार को बैतूल कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के कई वार्डों में प्रभारी चिकित्सक अपने निर्धारित स्थानों पर मौजूद नहीं मिले, जिस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने ओपीडी, जनरल वार्ड, डायलिसिस यूनिट, पीआईसीयू, आईसीयू, एसएनसीयू, मेटरनिटी वार्ड, पीएनसी वार्ड, एएनसी वार्ड और आर्थोपेडिक वार्ड सहित विभिन्न विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान आर्थोपेडिक वार्ड को छोडक़र अधिकांश वार्डों में प्रभारी डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए।

इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने 14 प्रभारी चिकित्सकों का एक दिन का वेतन काटने और सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा लेबर वार्ड की दो स्टाफ नर्स और सोनोग्राफी वार्ड के एक असिस्टेंट द्वारा गलत जानकारी दिए जाने पर उन्हें भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर भी असंतोष जताया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को



स्वच्छता व्यवस्था में सुधार लाने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मरीजों और उनके परिजनों से भी चर्चा कर इलाज और सुविधाओं को लेकर जानकारी ली। कई लोगों ने डॉक्टरों की अनुपस्थिति और व्यवस्थाओं में कमी की शिकायत की। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल में मरीजों का दबाव लगातार बढ़ रहा है, लेकिन संसाधनों और स्टाफ की कमी के कारण व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। बावजूद इसके कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे, आरएमओ डॉ. रानू वर्मा, डॉ रूपेश पद्माकर भी मौजूद रहे।

## पुलिस की दो जगह कार्रवाई, 80 हजार रुपए कीमत का है गांजा

# 4.7 किलो गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सारणी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 4.783 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जब्त गांजे की कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बगडोना हवाई पट्टी के पास दो युवक गांजा बेचने के लिए खड़े हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका साथी जंगल की ओर भाग निकला। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बबलू धुर्वे (38) निवासी बगडोना बस्ती, थाना सारणी के रूप में हुई है। उसके पास से 2.908 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना सारणी में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। दूसरी कार्रवाई राखड़ डेम



पार्किंग क्षेत्र में की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक गांजा बेचने के लिए खड़ा है। मौके पर पहुंची टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शेख फरीद पुत्र शेख शहीद निवासी नगर पालिका के पास सारणी के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 1.875 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार मामले में सरवन पुत्र फुलकर परते निवासी ढुमकाढाना छतरपुर, सारणी अभी फरार है। उसकी तलाश के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।

# मंगोनाकलां में बनेगा ओपन जिम

## युवाओं को मिलेगा फिटनेस और स्वस्थ जीवन का नया मंच



**मुलताई।** प्रभात पट्टन विकासखंड के ग्राम मंगोनाकलां में अब ग्रामीण युवाओं को फिटनेस के लिए बेहतर सुविधा मिलने जा रही है। गांव में ओपन जिम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे ने कहा कि ओपन जिम की सुविधा शुरू होने से गांव के युवक-युवतियां नियमित रूप से व्यायाम कर सकेंगे, जिससे स्वास्थ्य और खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं को नशे से दूर रखकर स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने बताया कि ग्राम मंगोनाकलां के युवा और ग्रामीण लंबे समय से ओपन जिम निर्माण की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए उन्होंने राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा को इस संबंध में अवगत कराया। इसके बाद सांसद निधि से ग्राम मंगोनाकलां में ओपन जिम निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई। भूमिपूजन कार्यक्रम में सरपंच रीता महादेव बारस्कर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुलताई अध्यक्ष अरुण यादव, मिश्रीलाल धाकड़, नामदेव हरसुले, गौरव बारस्कर, हितेश झरबड़े, नरेंद्र बोडख़े, सुभाष, योगेश सराटकर, गणेश वागद्रे, मनीष सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## 21 मई से प्रारंभ होने वाले धार्मिक महामृत्युंजय यज्ञ की तैयारी शुरू



**शाहपुर।** 21 मई से प्रारंभ होने वाले महामृत्युंजय यज्ञ की तैयारी प्रारंभ कर दी है। भक्तों ने बताया कि बाबा मनसुखदास मंदिर के प्रांगण में अनुष्ठान का विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करके कार्य प्रारंभ किया गया। महामृत्युंजय यज्ञ महाराष्ट्र से पधारे पंडित मनोज शुक्ला के द्वारा करवाया जाएगा। इसी समय शिव महापुराण कथा का आयोजन भी किया जा रहा है। कथा वाचक पंडित राजुल पांडे पचमढ़ी के मुखारविंद द्वारा श्रावणित कराया जाएगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने की अपील की है।

## इंदिरा ज्योति यात्रा 13 मई को पहुंचेगी बैतूल

**बैतूल।** इंदिरा ज्योति यात्रा एवं महात्मा गांधी की अवधारणा के अनुरूप राम राज्य की ओर संकल्प यात्रा का 13 मई को बैतूल जिले में आगमन होगा। यात्रा हरदा मार्ग से होते हुए सुबह 11 बजे चिचोली पहुंचेगी। यहां ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष यादव, नगर अध्यक्ष राहुल पटेल एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद यात्रा चिचोली नगर में भ्रमण करेगी। नगर भ्रमण के बाद यात्रा बैतूल के लिए रवाना होगी। बैतूल नगर प्रवेश पर ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार चौबे, नगर अध्यक्ष मनोज आहूजा एवं वरिष्ठ नेताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। यात्रा गेंदा चौक, कारगिल चौक और गुरुद्वारा रोड से होते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंचेगी। यहां पत्रकार वार्ता आयोजित की जाएगी। पत्रकार वार्ता के बाद यात्रा बाबू चौक और कॉलेज रोड होते हुए नर्मदापुरम के लिए प्रस्थान करेगी। इंदिरा ज्योति अभियान के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सुरेंद्र सिंह ठाकुर, मध्यप्रदेश प्रभारी पी.सी. शर्मा तथा मुख्य समन्वयक शैलेंद्र श्रीवास्तव यात्रा में शामिल रहेंगे। लेखक और विचारक भास्कर राव रोकड़े ने बताया कि इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती को सृजन वर्ष के रूप में मनाते हुए यह यात्रा निकाली जा रही है।

# जनसमस्याओं के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

## जनसुनवाई की शिकायतों का त्वरित निराकरण के निर्देश

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समयसीमा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक एवं समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से जल संसाधन विभाग, श्रम विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग को शिकायतों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उप संचालक सामाजिक न्याय को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। इसी प्रकार श्रम विभाग को जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ के साथ समन्वय स्थापित कर संबल पंजीयन में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।

## श्री श्री रविशंकर का जन्मोत्सव कल

**बैतूल।** अंतरराष्ट्रीय संस्था आर्ट ऑफ़ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा कल 13 मई बुधवार को शाम 7 बजे रामकृष्ण बगिया में दिव्य गुरु पूजा और भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। संस्था की जिला समन्वयक डॉ.अलका पांडे ने बताया कि इस मौके पर संस्था के प्रशिक्षक और प्रसिद्ध गायक आदित्य धनोतिया बेंगलुरु द्वारा मधुर भजनों के साथ ध्यान भी करवाया जाएगा।

**CHANGE OF NAME**

I, No. 14440271K Ex Hav **Ramesh Kumar Narware** resident of Vill.- Kajli, Post- Masod, Teh.- Multai, Distt.- Betul (MP) Pin- 460668, have changed my Daughter's name from **DHRUVI** to **DHRUVI NARWARE** vide affidavit dated 08-05-2026 of 1'st Class Magistrate Betul, Distt.- Betul (MP).

**CHANGE OF NAME**

I, **SANGEETA** is legally wedded souse of No. 14440271K Ex Hav Ramesh Kumar Narware, resident of Vill.-Kajli, Post- Masod, Teh.- Multai, Distt.- Betul (MP), Pin- 460668, have changed my name from **SANGEETA** to **SANGEETA NARWARE**, vide affidavit dated 08-05-2026 of 1'st Class Magistrate, Betul, Distt.- Betul (MP).

## सतीश दीक्षित को दी अंतिम विदाई



**बैतूल।** शहर के प्रतिष्ठित ब्राह्मण परिवार में जन्में एवं ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी में डेवलपमेंट ऑफिसर रहे सतीश दीक्षित का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गंज स्थित मोक्षधाम में सोमवार की शाम को किया गया। इस दौरान बडी संख्या में सामाजिक बंधु व गणमान्य नागरिक मौजूद थे। रेलवे के रिटायर्ड यार्ड मास्टर स्वर्गीय गौरीशंकर दीक्षित के पांचवे सुपुत्र सतीश दीक्षित समाजसेवी वीरेंद्र, महेंद्र (मन्नू) दीक्षित, नरेश, राजेश, अशोक और मनीष दीक्षित के भाई थे। हंसमुख मिलनसार श्री दीक्षित माउथ कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। सोमवार की सुबह 5.30 बजे उन्होंने घर पर अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे सात भाई एवं चार बहने, पत्नी, बेटा-बेटी से भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार की शाम 4.30 बजे बैतूलगंज मोक्षधाम के लिए निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के बंधु व गणमान्य नागरिक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## कलेक्ट्रेट कार्यालय का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

# व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाएं: कलेक्टर

### अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के 12, खाद्य विभाग के 3 तथा कोषालय के 3 कर्मचारी प्रातः 10 बजे के बाद भी अनुपस्थित पाए गए। इस पर कलेक्टर ने संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय का



रखरखाव संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कार्यालय नाजिर को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने श्रम विभाग, खाद्य विभाग, कोषालय, अपर कलेक्टर न्यायालय, भू-अभिलेख शाखा, निर्वाचन शाखा, रिकॉर्ड रूम, खाद्य सुरक्षा, लोक सेवा प्रबंधन, जिला अंत्यवसायी तथा जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र सहित विभिन्न शाखाओं एवं विभागों की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने रिकॉर्ड रूम के व्यवस्थित संधारण एवं अभिलेखों की जानकारी संबंधी सूची प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। साथ ही राजसात एवं गैर राजसात शाखाओं में अभिलेखों के उचित रखरखाव तथा अनुपयोगी एवं खराब सामग्री के नियमानुसार निष्पादन के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने निर्देशित किया कि सभी विभागों में बैठक व्यवस्था में एकरूपता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने व्यवस्थित टेबल व्यवस्था रखने तथा प्रत्येक टेबल के सामने संबंधित कर्मचारी के नाम एवं पदनाम की नेमप्लेट लगाने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्ट्रेट के सभी कर्मचारियों के लिए आईडी कार्ड अनिवार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कार्यालय में संचालित विभागों से मेंटेनेंस मद की राशि लेकर कार्यालय के रखरखाव एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों की कार्यालयीन व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाएं।

### आए दिन बंद रहती है एटीएम और कैश डिपाजिट मशीन

# डिजिटल इंडिया के दौर में भी बदहाल है पचमढ़ी की बैंकिंग सेवाएं, ग्राहक परेशान

**पचमढ़ी में इन दिनों बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह पटरी से उतर चुकी हैं। शहर में एकमात्र प्रमुख बैंक के रूप में मौजूद भारतीय स्टेट बैंक की कार्यप्रणाली से पर्यटक और नागरिक परेशान हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

'सतपुड़ा की रानी' कहे जाने वाले प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में इन दिनों बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह पटरी से उतर चुकी हैं। शहर में एकमात्र प्रमुख बैंक के रूप में मौजूद भारतीय स्टेट बैंक की कार्यप्रणाली से न केवल स्थानीय निवासी, बल्कि दूर-दराज से आने वाले पर्यटक भी भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं।




### एटीएम सेवा के नाम पर सिर्फ 'आउट ऑफ ऑर्डर' का बोर्ड

कहने को तो शहर में एसबीआई के एटीएम लगे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि ये सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। आए दिन एटीएम मशीनों पर 'आउट ऑफ ऑर्डर' का बोर्ड लटका रहता है या मशीन के भीतर कैश नदारद रहता है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बैंक प्रबंधन शहर का एकमात्र मुख्य बैंक होने का नाजायज फायदा उठा रहा है।

### कैश के लिए भटक रहे लोग

पचमढ़ी में वीकेंड (शनिवार-रविवार) पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ती है। इसी दौरान सबसे ज्यादा कैश की जरूरत होती है, लेकिन बैंक के एटीएम इसी समय अक्सर बंद पाए जाते हैं।

### परेशान पर्यटक

बाहर से आने वाले सैलानी शॉपिंग, होटल बिल और सफारी के लिए नकदी पर निर्भर होते हैं, लेकिन एसबीआई की लापरवाही के कारण उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है।

### प्रशासनिक उपेक्षा या लापरवाही?

पचमढ़ी जैसे संवेदनशील पर्यटन क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाओं का अभाव न केवल असुविधाजनक है, बल्कि यह क्षेत्र की छवि को भी धूमिल कर रहा है। शहरवासियों ने मांग की है कि बैंक के उच्च अधिकारी इस मामले का संज्ञान लें और जल्द से जल्द एटीएम व सीडीएम मशीनों की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### व्यापार पर असर

कैश न होने के कारण स्थानीय छोटे व्यापारियों का धंधा भी प्रभावित हो रहा है। नगदी पैसे नहीं होने से व्यापार नहीं हो रहा।

### कैश डिपॉजिट मशीन बीमार

बैंक परिसर में लगी कैश डिपॉजिट मशीन की हालत भी खस्ता है। ग्राहकों के अनुसार, मशीन ज्यादातर 'ऑफलाइन' रहती है। जब भी कोई व्यापारी या खाताधारक अपना पैसा जमा करने पहुँचता है, उसे तकनीकी खामी बताकर लौटा दिया जाता है। डिजिटल क्रांति के इस दौर में पचमढ़ी का एसबीआई पिछड़ा नजर आ रहा है। बैंक के एक खाताधारक का कहना था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक तरफ देश को डिजिटल बनाने और बैंकिंग सेवाओं को सुलभ करने पर जोर दे रहे हैं, वहीं पचमढ़ी में एसबीआई की शाखा इस मिशन को ठेंगा दिखा रही है। ग्रामीण बैंक में डिजिटल सुविधाओं का अभाव है, ऐसे में हम पूरी तरह एसबीआई पर निर्भर हैं, जो अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहा है।शाखा प्रबंधक प्रियरंजन चौधरी ने बताया कि एटीएम सेवाओं में आ रही बाधा का मुख्य कारण 'वेंडर' का परिवर्तन होना है। वेंडर बदलने की प्रक्रिया के चलते तकनीकी तौर पर कुछ सेवाएं प्रभावित हुई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पचमढ़ी के कुछ एटीएम केंद्रों में बिजली की भी समस्या थी, जिसके कारण मशीनें बंद पड़ी थीं।प्रबंधक ने आश्वस्त किया है कि इन समस्याओं को दूर करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

## जनसहयोग से चल रही श्री श्रीजी कृपा गो शाला, बेसहारा गोवंश को मिल रहा आश्रय

### जल्द ही गो परिक्रमा मार्ग और उपचार केंद्र शुरू होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की न्यास कॉलोनी में जनसहयोग से संचालित श्री श्रीजी कृपा गौशाला बेसहारा गोवंशीय मवेशियों के लिए सहारा बनी हुई है। गोशाला में वर्तमान में 150 से अधिक गाय, बछड़े और नंदी का पालन-पोषण किया जा रहा है। श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर समिति द्वारा और शहरवासियों के सहयोग से बीते छह वर्षों से यह सेवा कार्य निरंतर जारी है। गोशाला का संचालन विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। समिति से जुड़े गो शाला प्रबंधक रमेश चांडक ने बताया कि आज के समय में कई लोग गौसेवा करना चाहते हैं, लेकिन घरों में गायों को रखना और चारे-भूसे की व्यवस्था करना सभी के लिए संभव नहीं होता। ऐसे में समिति ने गौ पालन निधि की व्यवस्था शुरू की है।



### कर सकते हैं गौ पालन

समिति के अनुसार श्रद्धालु सालाना 12 हजार रुपये का सहयोग देकर एक गाय के पालन में भागीदार बन सकते हैं। इस राशि से पूरे वर्ष गायों के लिए भूसा, चुरी और खली की व्यवस्था की जाती है। इसके माध्यम से शहर के लोग गाय गोद लेकर गोसेवा का पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। गोशाला परिसर में मवेशियों को ठंड, गर्मी और बारिश से बचाने के लिए लगभग 10-10 लाख रुपये की लागत से तीन बड़े कवर्ड शेड तैयार किए गए हैं। तीसरे शेड के निर्माण में वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे का सहयोग भी मिला है। मवेशियों के पेयजल के लिए ट्यूबवेल की व्यवस्था की गई है। वहीं बारिश के मौसम में परिसर के आधे हिस्से में बरसीम घास की खेती कर हरे चारे का इंतजाम किया जाता है, जिससे गायों को पौष्टिक आहार मिल सके।

### जल्द बनेगा गो उपचार केंद्र

रमेश चांडक ने बताया कि वर्तमान में सड़क हादसों में घायल और गंभीर रूप से बीमार गायों को रखने के लिए अलग सुविधा नहीं है। इसे देखते हुए गोशाला परिसर में नया शेड बनाकर जल्द ही गो उपचार केंद्र शुरू करने की तैयारी की जा रही है। यहां बीमार और घायल मवेशियों का उपचार एवं विशेष देखभाल की जाएगी। इसके बाद यहां चिकित्सक गो सेवक लगाकर बीमार जख्मी मवेशियों की देखभाल भी होगी । गोशाला के सेवादार जगदीश मालवीय ने बताया कि अभी भी कई बीमार और घायल गायों की सेवा और इलाज यहां किया जा रहा है।

### बनेगा गो परिक्रमा मार्ग और कथा स्थल

समिति भविष्य में गोशाला परिसर में गो परिक्रमा मार्ग बनाने की योजना पर भी काम कर रही है, जहां श्रद्धालु गायों की परिक्रमा कर धार्मिक पुण्य अर्जित कर सकेंगे। इसके अलावा परिसर में गो कथा, भागवत कथा और धार्मिक आयोजनों के लिए विशेष स्थान भी तैयार किया जा रहा है। समिति ने शहरवासियों से अपील की है कि वे शादी-विवाह, जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, पूर्वजों की स्मृति या अन्य अवसरों पर गौशाला पहुंचकर भूसा, खली, चुनी, चापड़ और फल जैसी सामग्री का दान कर सकते हैं। श्रद्धालुओं के हाथों से ही गायों को आहार खिलाने की व्यवस्था भी की गई है। भूसे के लिए प्रति ट्रॉली 3 हजार रुपये का सहयोग लिया जा रहा है। समिति के अनुसार इस वर्ष गौवंश के साल भर के आहार के लिए लगभग 185 ट्रॉली भूसे का भंडारण किया गया है। समिति का कहना है कि जनसहयोग से भविष्य में गौशाला में और अधिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

## पिट्टू चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता ख्वाब लोवंशी का दयालु मंडल ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर देश-प्रदेश का नाम रोशन करने वाले बघवाड़ा के बेटे ख्वाब लोवंशी का आज गांव में भव्य स्वागत किया गया। बघवाड़ा के समाजसेवी राधावल्लभ साध के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में श्री दयालु मंडल के युवाओं एवं ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और पुष्पमाला के साथ ख्वाब का अभिनंदन किया।

ग्राम का युवा ख्वाब लोवंशी खुद भी राम स्नेही संप्रदाय के श्री दयालु मंडल का सदस्य है जिनका स्वागत सम्मान मंडल के सदस्यों के द्वारा किया गया। गौरतलब है कि पिट्टू फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 3 से 6 मई तक आयोजित तीसरी



जूनियर नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए ख्वाब लोवंशी ने गोल्ड मेडल जीता था। संसाधनों के अभाव में खेतों और कच्चे मैदानों पर अभ्यास करने वाले ख्वाब ने अपनी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। सम्मान समारोह में राधावल्लभ साध ने कहा, ₹मिट्टी के लाल ख्वाब ने साबित कर दिया कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। ख्वाब ने न सिर्फ बघवाड़ा, बल्कि पूरे नर्मदापुरम का नाम देशभर में रोशन किया है। ऐसे होनहार खिलाड़ी हमारे युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने ख्वाब को शॉल-श्रीफल भेंट कर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ख्वाब के पिता राजेन्द्र लोवंशी और माता ज्योति लोवंशी भी मौजूद रहे।

## सोहागपुर में ध्वस्त से हालातों में बिजली वितरण व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर शहर में बिजली वितरण व्यवस्था ध्वस्त हालातों में है। प्रतिदिन दर्जनों बार जनता को बिजली ट्रिपिंग का सामना करना पड़ रहा है। जिसे लेकर नागरिकों में अत्यंत रोष है तथा बिजली कंपनी के प्रति असंतोष भी नागरिकों में छाया हुआ है। नागरिकों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में ऐसा कोई भी दिन नहीं गया जब दिन में दर्जनों बार बिजली की ट्रिपिंग ना हुई हो। नागरिकों का कहना है कि शहर के कई वार्डों में घंटों बिजली गुल रखी जाती है। सवाल पूछने पर कारण बताए जाते हैं कि मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है या केबल बदली जा रही हैं या तिरछे पोल सीधे किये जा रहे हैं। कई स्थलों पर वृक्षों की शाखाएं भी बिजली की केबल अथवा तारों के आसपास फैली हुई हैं, जिसके कारण ट्रिपिंग होती है। बिजली कंपनी समय बीतने पर भी केबल तथा बिजली वितरण तारों के आसपास लगे वृक्ष शाखाओं की छंटाई नहीं कर पाई है। नागरिकों ने बिजली कंपनी अधिकारियों पर सवाल खड़े किए हैं कि पूरे वर्ष भर मेंटेनेंस का काम चलने के बाद भी हालात अव्यवस्थित क्यों हैं? नागरिकों ने अपेक्षा की है कि पिछले एक वर्ष में मेंटेनेंस के नाम पर व्यय की गई राशि का ब्यौरा सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

## शासकीय कालेज में हुआ राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में आज विज्ञान संकाय एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी के मार्गदर्शन में 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस' मनाया गया । इस अवसर पर महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह तिथि यूं ही नहीं चुनी गई। वर्ष 1998 में इसी दिन पोखरण में 'ऑपरेशन शक्ति' के अंतर्गत भारत ने तीन सफल परमाणु परीक्षण कर विश्व को अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा, तकनीकी आत्मविश्वास और राष्ट्रीय सामर्थ्य का बोध कराया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ ए.के यादव ने




विद्यार्थियों को बताया कि इसी दिन स्वदेशी विमान 'हंस-3' ने सफल उड़ान भरी, तो स्वदेशी 'त्रिशूल' मिसाइल का परीक्षण भी हुआ। तकनीक केवल विकास का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का सशक्त आधार है। इस विशेष कार्यक्रम मे शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा के डॉ. मनीष दीक्षित मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस केवल विज्ञान की उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित भारत के संकल्प का प्रतीक है,भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीशियनों की प्रतिभा, नवाचार और अथक परिश्रम ने राष्ट्र को तकनीकी क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

### उपचार हेतु 69 हजार रुपए की स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** विधायक नर्मदापुरम की अनुशंसा पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा स्वेच्छानुदान निधि से इटारसी एवं नर्मदापुरम क्षेत्र के 4 हितग्राहियों को उपचार हेतु 69 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर नर्मदापुरम एवं इटारसी क्षेत्र के 2 हितग्राहियों को 25-25 हजार रूपये, 1 हितग्राही को 12 हजार रूपये, एवं 01 हितग्राही को 07 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## साहस : तेंदुए से लड़कर घर लौटा 13 वर्षीय बालक सत्यम ठाकुर, वन विभाग ने दिया नकद पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुहारीकला के कुर्सी खापा गांव का सामने आया है। जिसमें 13शाल के बालक ने तेंदुआ जो उसका शिकार करने हेतु आया था । लेकिन उस शेर के बच्चे ने तेंदुआ को पछाड़ दिया और घर आ गया। अभी तक सुना ही था। किसी ने साहसी काम किया तो उसे शेर का बच्चा कहकर उत्साहित करते थे। लेकिन आज तो देखने को मिला है। परिवार से प्राप्त जानकारी अनुसार सत्यम ठाकुर उम्र 13 वर्ष किसान का बेटा है। वह खेत में कुएं के पास खेल रहा था। जिसके साथ उसकी 2छोटि बहना भी थी। उन्होंने बताया कि खेल रहे थे। तभी झाड़ियों में से तेंदुआ ने निकलकर जानलेवा हमला कर दिया। सत्यम ने अपनी जान बचाने के लिए सीधे तेंदुआ से भिड़ गया। और उसकी गर्दन पकड़ ली दोनो में काफी समय तक नूरा कुश्ती हुई। संघर्ष के दौरान सत्यम ठाकुर को चोट भी लगी है। तेंदुआ के नाखून उसके पेट में पैरों में लगे हैं। सत्यम ठाकुर सहित दोनों बहनों ने गांव में जाकर शोर मचाने पर गांव वालों ने लकड़ी आदि लाकर पीछे धकेलने पर तेंदुआ जंगल में भाग गया। पिता महेंद्र सिंह ने बताया कि हमारे खेत जंगल से लगा हुआ है। घर से भी पास है। ईश्वर की कृपा से बेटा सुरक्षित है। इस बात पर तो सत्यम ठाकुर को सम्मानित किया कलेक्टर सोमेश मिश्रा सहित राष्ट्रीय जाना चाहिए था। लेकिन बच्चे को वन विभाग ने मात्र 1000 रुपए देकर सम्मानित किया हए। सवाल है, मौत होती तो 4 लाख देते।

### बिजली उपभोक्ताओं को दी की जाएगी सुविधाएं

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा 14 मई 2026 से पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में उपभोक्ता संपर्क अभियान 2026 का शुभारंभ किया जा रहा है। 12 माह तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर, उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएगी। शिविरों के दौरान शिकायतों का तत्काल निराकरण भी किया जाएगा। उपभोक्ता संपर्क अभियान के माध्यम से मात्र 05 रु. में नवीन ग्रामीण घरेलू एवं कृषि पंप कनेक्शन प्रदान किये जाएगे। साथ ही भार वृद्धि, नाम परिवर्तन, श्रेणी परिवर्तन, स्थाई कनेक्शन विच्छेदन, अस्थाई कनेक्शन आदि की सुविधाएं मिलेंगी।

## रोड एक्सीलेंट पर बैंकों व ग्राहक सुविधा केंद्रों के सामने अवैध पार्किंग की समस्या, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर की सबसे सुंदर सड़क रोड एक्सीलेंट शहर को रेलवे स्टेशन से जोड़ती है। रोड किनारे कुछ बैंक व ग्राहक सुविधा केंद्र हैं। बैंकों व ग्राहक सुविधा केंद्रों के सामने अवैध पार्किंग के कारण रोजाना नागरिकों को अत्यधिक परेशानी होती है। नागरिकों के अनुसार एक्सीलेंट रोड से लगे क्षेत्रों में बैंकों व ग्राहक सुविधा केंद्रों के सामने अवैध पार्किंग से परेशानी होती है। सभी बैंकों के सामने व समीप कुछ मार्ग भी हैं। इन मार्गों पर



रोजाना ग्राहक व कर्मचारी वाहन पार्क करते हैं। जिसके कारण बैंकिंग समय में नागरिक बहुत परेशान होते हैं। कई बार अंदरूनी मार्गों से आने-जाने वाले लोग गलियों में अवैध पार्किंग के कारण फंस जाते हैं व ग्राहक सुविधा केंद्र संचालकों एवं कर्मचारियों के साथ नागरिकों के विवाद भी होते हैं। इस तरह के हालात बैंकों तथा ग्राहक सुविधा केंद्रों के आसपास प्रतिदिन बनते हैं। नागरिकों ने प्रशासन से केंद्रों तथा बैंकों के आसपास पार्किंग व्यवस्थित करने , केंद्रों का अति विस्तार रोकने एवं उचित पार्किंग स्थल बनाने की अपेक्षा की है।

## नगर पालिका अध्यक्ष की पहल पर बनी पक्की सड़क, कीचड़ से लोगों को मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नपा सिवनी मालवा द्वारा नगरी क्षेत्र के अंतर्गत अनेक विकास कार्य किया जा रहे हैं जिस भी वार्ड में कच्ची सड़क है वहां पर पक्की सड़के बनाई जा रही है जिससे कि नागरिकों को आने-जाने में वाहन ले जाने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो शहर में जहां भी कच्ची सड़क है वहां नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन एवं पार्षद के द्वारा दौरा करके निरीक्षण किया जाता है

इसी क्रम में साई केंपस गली नंबर एक आदिवासी छात्रावास के पीछे वार्ड नंबर 9 में आठ वर्ष पुरानी कच्ची सड़क थी नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद ईश्वर दास जमींदार द्वारा कच्ची सड़क का निरीक्षण किया गया था इस सड़क पर बरसात के दिनों में पैदल



चलना तथा वाहन निकालना बहुत ही मुश्किल हो गया था निरीक्षण के उपरांत अध्यक्ष एवं पार्षद द्वारा भूमि पूजन किया गया भूमि पूजन के 3 दिन के बाद ही पक्की सड़क डामरीकृत सड़क बनाई गई है जिस की वार्ड की नागरिकों में हर्ष का माहौल है । नागरिकों ने कहा कि सड़क से अब सुविधा होगी। वार्ड के नागरिक राम मोहन रघुवंशी, भागवत मालवीय, कचोरी लाल लोवंशी, गीता ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर, प्रकाश रघुवंशी, बबलू रोकड़े, ललित गुर्जर, मनमोहन गौर, आकाश तुमराम, ललित सारला, बबलू रघुवंशी,शरद लौवंशी आदि ने आभार व्यक्त किया है।

### जनगणना 2027 में सोहागपुर ग्रामीण क्षेत्र का 92 प्रतिशत कार्य पूर्ण

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत संचालित हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग गणना कार्य में सोहागपुर ग्रामीण क्षेत्र में 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस उपलब्धि पर सुपरवाइजर्स का सम्मान सोमवार को किया गया है।

यह उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करते हुए सोहागपुर ग्रामीण क्षेत्र में अब तक कुल 92 प्रतिशत कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। यह उपलब्धि सभी सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों की मेहनत, समन्वय, कर्त्तव्यनिष्ठा एवं समयबद्ध कार्यप्रणाली का परिणाम है। ग्रामीण चार्ज सोहागपुर अंतर्गत सुपरवाइजर सर्किल क्रमांक 06, 15, 18, 22,



25 एवं 30 का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया गया। उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए संबंधित सुपरवाइजर प्रवीण दुबे, मोनिश अवस्थी, आर रघुवंशी, निखिलेश रघुवंशी, केएस धुर्वे एवं चंद्रकांत पालीवाल को तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी सोहागपुर रामकिशोर झरबड़े द्वारा सोमवार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

### अन्य के लिए प्रेरक कार्य

इस अवसर पर तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी रामकिशोर झरबड़े ने कहा कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्वपूर्ण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने से अन्य कार्मिकों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने क्षेत्र में कार्यरत सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से अपेक्षा की है कि वे सभी भी इसी उत्साह, समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ शेष कार्य भी शीघ्र पूर्ण करें, जिससे ग्रामीण चार्ज सोहागपुर जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। कार्यक्रम में एसडीएम प्रियंका भलावी, फील्ड ट्रेनर विजेंद्र वर्मा, विपिन गिल्ला, जनगणना लिपिक कानूनगो राहुल साहू, निर्वाचन प्रोग्रामर अमित मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सभी सम्मानित सुपरवाइजरों को शुभकामनाएं दीं।

### संभाग आयुक्त के रूप में श्रीकांत बनोठ ने पदभार ग्रहण किया

**नर्मदापुरम।** नवागत संभागायुक्त श्री श्रीकांत बनोठ ने सोमवार को आयुक्त कार्यालय में नर्मदापुरम संभाग आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। श्री बनोठ इससे पूर्व आयुक्त सहसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश थे। उल्लेखनीय है कि संभागायुक्त श्रीकांत बनोठ मुलत; आंध्र प्रदेश से हैं तथा 2009 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने आईआईटी मद्रास से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की उपाधि प्राप्त की है। इसके पूर्व बनोठ हरदा एवं धार जिले के कलेक्टर के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु जैन भी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से परिचय एवं उनके कार्यों की जानकारी भी ली।

